उदय भारत के विद्युत वितरण कम्पनियों हेतु वित्तीय बदलाव एवं पुनरूद्धार पैकेज है। इसका लक्ष्य उचित दर पर पर्याप्त ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु डिस्कॉम्स को वित्तीय एवं परिचालन के स्तर पर व्यवहार्य बनाना है। योजना के अन्तर्गत, राज्य द्वारा 30 सितम्बर 2015 तक के डिस्कॉम्स ऋण का 75 *प्रतिशत* (50 *प्रतिशत* वित्तीय वर्ष 2015-16 में एवं 25 *प्रतिशत* वर्ष 2016-17 में) वहन किया जाना है, ऋण वहन करने हेतु गैर एस.एल.आर. बाण्ड जारी किया जाना है एवं प्राप्त लाभ को अनुदान, ऋण एवं इक्विटी के रूप में डिस्कॉम्स को स्थानान्तरित किया जाना है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, सितम्बर 2015 के अन्त में उ.प्र. डिस्कॉम्स का बकाया ऋण ₹ 59,205 करोड़ था।

राज्य सरकार के साथ भारत सरकार तथा डिस्कॉम्स[31] के बीच हुये सहमति ज्ञापन के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा कुल ₹ 44,403 करोड़ के ऋण (वर्ष 2015-16 में ₹ 29,602 करोड़ एवं वर्ष 2016-17 में ₹ 14,801 करोड़) का वहन किया जाना था।

कुल डिस्कॉम्स ऋण ₹ 44,403 करोड़ वहन करने हेतु बॉण्ड जारी किये जाने की आवश्यकता के सापेक्ष राज्य सरकार ने कुल ऋण को वहन करते हुये कुल धनराशि, अर्थात् वर्ष 2015-16 में ₹ 29,602 करोड़ एवं वर्ष 2016-17 में ₹ 14,801 करोड़, का बॉण्ड जारी किया।

1.7 vuqorhZ dk;Zokgh

वर्ष 2008-09 से राज्य के वित्त पर आधारित प्रतिवेदन पृथक से तैयार किया जा रहा है एवं राज्य विधायिका को प्रस्तुत किया जा रहा है। लोक लेखा समिति द्वारा इस प्रतिवेदन पर अभी चर्चा की जानी है।

[30] भारत सरकार द्वारा बट्टे खाते में डाला गया ₹ 10.19 करोड़ के ऋण की धनराशि परिपक्वता प्रोफाइल में सम्मिलित नहीं की गयी है।

[31] उ.प्र. ऊर्जा निगम लिमिटेड द्वारा एवं इसकी सहायक कंपनियों हेतु यथा– दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कानपुर विद्युत सप्लाई कम्पनी लिमिटेड, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड।

v/;k; 2

foRrh; icU/ku ,oa ctVh; fu;a=.k

भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा विनियोग लेखे की लेखापरीक्षा के सम्पादन में यह सुनिश्चित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत व्यय की गई धनराशियाँ विनियोग अधिनियम के अन्तर्गत उस वर्ष के लिये बजट में प्राधिकृत थीं एवं संविधान के प्रावधानों के अन्तर्गत भारित होने वाला व्यय उस पर भारित था तथा विधि सम्मत नियमों, विनियमों एवं निर्देशों का पालन करते हुए धनराशियाँ व्यय की गयी हैं।

2.1 fofu;kx ys[kk dk lkjka'k fooj.k

उत्तर प्रदेश शासन के बजट मैनुअल में निर्धारित है कि नियन्त्रण अधिकारियों द्वारा सभी अन्तिम बचतों को 25 मार्च तक वित्त विभाग को अभ्यर्पित कर देना चाहिये।

वर्ष 2016-17 के दौरान 93 अनुदानों/विनियोगों के सापेक्ष किये गये वास्तविक व्यय की संक्षिप्त स्थिति **lkj.kh 2.1** में दी गयी है:

lkj.kh 2.1% izko/kkuksa ds lkis{k fd;s x;s okLrfod 0;; dh laf{kIr fLFkfr

¼₹ djksM+ esa½

0;; dh izd`fr		dqy vuqnku@ fofu;kx	okLrfod 0;;	Ckpr ¼&½@ vkf/kD; ¼+½	vH;fiZr /kujkf'k	31 ekpZ 2017 dks vH;fiZr /kujkf'k	31 ekpZ 2017 rd vH;fiZr cpr dh izfr'krrk
1		2	3	4	5	6	dk-5@dk-4
दत्तमत	I राजस्व	2,30,390.06	2,01,665.78	(-)28,724.28	15,618.45	15,618.45	54
	II पूंजीगत	95,670.33	82,444.94	(-)13,225.39	6,982.61	6,982.61	53
	III ऋण तथा अग्रिम	7,644.69	6,741.09	(-) 903.60	460.14	460.14	51
	;kx nÙker	**3,33,705.08**	**2,90,851.81**	**(-)42,853.27**	**23,061.20**	**23,061.20**	**54**
Hkkfjr	IV राजस्व	38,582.41	38,072.27	(-) 510.14	27.23	27.23	05
	V पूंजीगत	28.65	5.85	(-) 22.80	10.59	10.59	46
	VI लोक ऋण-पुनर्भुगतान	15,512.49	20,302.67	(+) 4,790.18	00	00	--
	;kx Hkkfjr	**54,123.55**	**58,380.79**	**(+)4,257.24**	**37.82**	**37.82**	**--**
	egk;kx	**3,87,828.63**	**3,49,232.60**	**(-)38,596.03**	**23,099.02**	**23,099.02**	**60**

नोटः वास्तविक व्यय के आंकड़ों में दत्तमत राजस्व व्यय (₹ 3,145.78 करोड़) एवं दत्तमत पूंजीगत व्यय (₹ 12,661.68 करोड़) के अन्तर्गत वसूलियों को व्यय में से घटाकर समायोजित करते हुए सम्मिलित किया गया है।

(स्रोतः विनियोग लेखे, वित्त लेखे एवं बजट दस्तावेज वर्ष 2016-17)

₹ 45,513.63 करोड़ की कुल बचत एवं ₹ 6,917.60 करोड़ के आधिक्य के परिणामस्वरूप ₹ 38,596.03 करोड़ की निवल बचत हुई।

दत्तमत अनुभाग के अन्तर्गत बचत की धनराशि कुल अनुदानों/विनियोगों का 11 *प्रतिशत* थी। विभागीय नियन्त्रण अधिकारियों द्वारा ₹ 15,497.01 करोड़ (दत्तमत श्रेणी के अन्तर्गत बचत का 36 *प्रतिशत*) वित्तीय वर्ष के अन्त में व्यपगत होने दिया गया। अवशेष बचतों में से ₹ 23,061.20 करोड़ 31 मार्च 2017 को अभ्यर्पित किया गया। दूसरे शब्दों में, वर्ष के दौरान दत्तमत श्रेणी के अन्तर्गत कुल बचतों ₹ 42,853.27 करोड़ में से मात्र ₹ 4,295.06 करोड़ (10 *प्रतिशत*) वित्त विभाग के पास पुनर्विनियोग

के लिए उपलब्ध था। यह एक गम्भीर चिन्ता का विषय है तथा प्रभावी बजटीय नियन्त्रण को सुनिश्चित करने में वित्त विभाग की असफलता दर्शाता है।

भारित अनुभाग के अन्तर्गत, लोक ऋण–पुनर्भुगतान ₹ 4,790.18 करोड़ की अधिकता तथा राजस्व एवं पूंजीगत के अन्तर्गत हुए बचत ₹ 532.94 करोड़ के परिणामस्वरूप कुल आधिक्य ₹ 4,257.24 करोड़ का हुआ। बचत में से ₹ 37.82 करोड़ 31 मार्च 2017 को अभ्यर्पित किया गया।

lLrqfr% वित्त विभाग को विभागीय नियन्त्रण अधिकारियों द्वारा किये गये व्यय की प्रवृत्ति का अनुश्रवण करना चाहिये जिससे निधियों का अनावश्यक रूप से अवरोधन न हो तथा अभ्यर्पण के अन्तिम क्षण की प्रतीक्षा किये बिना एवं आवंटन के व्यपगत हुए बिना, तत्काल अभ्यर्पण कर देना चाहिये।

2.2 foRrh; mRrjnkf;Ro rFkk ctV izcU/ku

2.2.1 0;;kf/kD;

उ.प्र. बजट मैनुअल के नियम 140 एवं 174 के अनुसार, विधायिका द्वारा स्वीकृत दत्तमत अनुदान या भारित विनियोग से अधिक व्यय किया जाना वित्तीय अनियमितता को स्थापित करता है। तथापि, यह पाया गया कि वर्ष 2016-17 की अवधि में कुल ₹ 6,917.60 करोड़ का अधिक व्यय था। अग्रेतर, यह संज्ञान में आया कि लोक निर्माण विभाग (लो.नि.वि.) द्वारा तीन अनुदानों[32] के सापेक्ष ₹ 2,122.53 करोड़ (राजस्व अनुभाग के अन्तर्गत ₹ 348.02 करोड़ तथा पूंजीगत अनुभाग के अन्तर्गत ₹ 1,774.51 करोड़) का अधिक व्यय किया गया।

वर्ष 2016-17 के दौरान अनुदान संख्या 58, लो.नि.वि. से सम्बन्धित 11 योजनाओं में बजट के माध्यम से ₹ 8,850.37 करोड़ का प्रावधान किया गया, तत्पश्चात् प्रावधान में से ₹ 352.05 करोड़ की कमी की गयी जिससे कुल प्रावधान ₹ 8,498.32 करोड़ का रहा। इसके बावजूद, लो.नि.वि. द्वारा ₹ 9,738.70 करोड़ का व्यय किया गया जो कि ₹ 1,240.38 करोड़ का अधिक व्यय था। *ifjf'k"V* **2.1** में इसका विवरण दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है कि ऋण के प्रतिदान के अन्तर्गत व्यय का सही आकलन करने में वित्त विभाग स्वयं असफल रहा, फलस्वरूप वर्ष के दौरान ₹ 4,794.78 करोड़ का अधिक व्यय हुआ।

यह भी पाया गया कि लो.नि.वि. द्वारा प्रत्येक वर्ष विधायिका द्वारा स्वीकृत विनियोग से अधिक व्यय किया गया। लो.नि.वि. से सम्बन्धित पिछले पांच वर्षों में अत्यधिक मात्रा में व्ययाधिक्य का विवरण नीचे **lkj.kh 2.2** में दिया गया है:

lkj.kh 2-2% vuoj r vf/kd 0;; ls lEcfU/kr vuqnkuksa dk fooj.k

(₹ djksM+ esa)

Ø0 l0	vuqnku l[;k ,oa uke	0;;kf/kD; dh /kujkf'k				
		2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17
		jktLo&nÙker				
1.	58- लोक निर्माण विभाग (संचार साधन–सड़कें)	166.12	204.95	310.73	281.23	346.07
		iwathxr&nÙker				
2.	55-लोक निर्माण विभाग (भवन)	71.97	70.68	47.23	29.19	34.33
3.	58- लोक निर्माण विभाग (संचार साधन–सड़कें)	2,152.37	3,131.34	2,430.21	2,211.02	1,701.67

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के विनियोग लेखे)

[32] अनुदान सं0. 55– लो.नि.वि. (भवन), अनुदान सं0 57– लो.नि.वि. (संचार साधन–सेतु), अनुदान सं0 58– लो.नि.वि. (संचार साधन–सड़कें)।

राज्य विधायिका द्वारा अनुमोदित अनुदान से इस प्रकार बार–बार अधिक व्यय, विधायिका के अभिप्राय तथा लोकतन्त्र के मूल सिद्धान्त, कि लोकसभा/राज्य विधानसभा के अनुमोदन के बिना एक रूपया भी व्यय नहीं किया जा सकता, का उल्लंघन है और इस कारण, गम्भीरता से विचार किये जाने की आवश्यकता है।

laLrqfr% *वित्त विभाग को सुनिश्चित करना चाहिये कि वित्त विभाग द्वारा स्वयं एवं किसी भी विभागीय नियन्त्रण अधिकारी द्वारा राज्य विधायिका से नियमानुसार स्वीकृत आवंटन से अधिक व्यय न किया जाय।*

2.2.2 vf/kd gq, 0;; ds fofu;ferhdj.k dh vko';drk

भारत के संविधान के अनुच्छेद 205 के अन्तर्गत राज्य सरकार के लिए यह आवश्यक है कि अनुदानों/विनियोगों से अधिक हुए व्यय को राज्य विधायिका द्वारा विनियमित कराया जाय। यद्यपि, यह पाया गया कि पिछले दशक (वर्ष 2005-16) से सम्बन्धित 95 अनुदानों एवं 38 विनियोगों में व्ययाधिक्य ₹ 24,144.20 करोड़ का विनियमितीकरण कराये जाने में राज्य सरकार असफल रही (***ifjf'k"V 2.2 v***)। वर्ष 2016-17 में, अनुदानों/विनियोगों के पाँच प्रकरणों में राज्य की समेकित निधि से प्राधिकृत धनराशि से किये गये अधिक व्यय ₹ 5,662.17 करोड़ को विनियमित किये जाने की आवश्यकता थी (***ifjf'k"V 2.2 c***)।

laLrqfr% *वर्तमान में व्ययाधिक्य के सभी प्रकरणों को तत्परता से विनियमित किये जाने की आवश्यकता है तथा भविष्य में अत्यन्त एवं अधिकतम आकस्मिक स्थिति के प्रकरणों को छोड़कर, जिसकी पूर्ति आकस्मिकता निधि से नहीं की जा सकती, इस प्रकार के अदत्तमत व्यय को पूर्ण रूप से रोका जाना चाहिए।*

2.2.3 cpr

60 प्रकरणों में जहाँ प्रत्येक प्रकरण में बचत ₹ 10 करोड़ एवं कुल प्रावधानों के 20 *प्रतिशत* से अधिक थी, का विवरण ***ifjf'k"V 2.3*** में दिया गया है। 41 अनुदानों/विनियोगों से सम्बन्धित 59 प्रकरणों में ₹ 43,036.89 करोड़ की बचत हुई जिसमें प्रत्येक प्रकरण में ₹ 100 करोड़ से अधिक की बचत थी, जिनका विवरण ***ifjf'k"V 2.4*** में दिया गया है।

लेखे के राजस्व दत्तमत शीर्ष के अन्तर्गत ₹ 500 करोड़ से अधिक की बचतें 15 अनुदानों के अन्तर्गतः अनुदान संख्या 7–उद्योग विभाग (भारी एवं मध्यम उद्योग), 11– कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (कृषि), 24–गन्ना विकास विभाग (चीनी उद्योग), 26–गृह विभाग (पुलिस), 32–चिकित्सा विभाग (एलोपैथी), 35–चिकित्सा विभाग (परिवार कल्याण), 37–नगर विकास विभाग, 48–अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, 49–महिला एवं बाल कल्याण विभाग, 51–राजस्व विभाग (दैवीय आपदा के सम्बन्ध में राहत), 52–राजस्व विभाग (राजस्व तथा अन्य व्यय), 54–लोक निर्माण विभाग (अधिष्ठान), 71–शिक्षा विभाग (प्राथमिक शिक्षा), 83–समाज कल्याण विभाग (अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना) एवं 95–सिंचाई विभाग (अधिष्ठान) में हुई।

इसी प्रकार, लेखे के पूंजीगत दत्तमत शीर्ष के अन्तर्गत ₹ 500 करोड़ से अधिक की बचतें लेखे के छः अनुदानोंः अनुदान संख्या 7–उद्योग विभाग (भारी एवं मध्यम उद्योग), 13–कृषि एवं अन्य सम्बद्ध विभाग (ग्राम्य विकास), 42–न्याय विभाग, 71–शिक्षा विभाग (प्राथमिक शिक्षा), 83–समाज कल्याण विभाग (अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना) एवं 94–सिंचाई विभाग (निर्माण) में हुई।

ऊपर वर्णित अनुदानों में से 12 अनुदानों के 14 प्रकरण ऐसे थे, जिनमें वर्ष 2015-16 के दौरान भी बचत (₹ 500 करोड़ से अधिक) हुई, जिसका विवरण **lkj.kh 2.3** में दिया गया हैः

lkj.kh 2.3½ cpr n'kkZus okys vuqnku

½₹ djksM+ esa½

Ø0 l0	vuqnku la[;k	vuqnku dk uke	o"kZ ds nkSjku gqbZ cprsa ½₹ 500 djksM+ vkSj vf/kd½	
			2015-16	2016-17
1	13	कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (ग्राम्य विकास)- पूंजीगत दत्तमत	1,669.11	3,300.96
2	26	गृह विभाग (पुलिस) - राजस्व दत्तमत	1,346.41	886.34
3	32	चिकित्सा विभाग (एलोपैथी)- राजस्व दत्तमत	938.53	1,088.42
4	35	चिकित्सा विभाग (परिवार कल्याण)- राजस्व दत्तमत	1,404.12	1,263.58
5	37	नगर विकास विभाग- राजस्व दत्तमत	1,390.72	2,751.47
6	48	अल्पसंख्यक कल्याण विभाग- राजस्व दत्तमत	852.81	973.77
7	49	महिला एवं बाल कल्याण विभाग- राजस्व दत्तमत	1,058.88	1,106.73
8	51	राजस्व विभाग (दैवीय आपदा के सम्बन्ध में राहत) - राजस्व दत्तमत	1,318.61	4,132.50
9	54	लोक निर्माण विभाग (अधिष्ठान)- राजस्व दत्तमत	1,384.03	1,778.37
10	71	शिक्षा विभाग (प्राथमिक शिक्षा)- राजस्व दत्तमत	3,229.85	2,414.62
11	71	शिक्षा विभाग (प्राथमिक शिक्षा)- पूंजीगत दत्तमत	543.54	1,276.45
12	83	समाज कल्याण विभाग (अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना)- राजस्व दत्तमत	2,306.78	1,704.21
13	83	समाज कल्याण विभाग (अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना)- पूंजीगत दत्तमत	1,357.70	2,477.98
14	95	सिंचाई विभाग (अधिष्ठान)-राजस्व दत्तमत	933.97	1,180.41

(स्रोतः विनियोग लेखे वर्ष 2015-16 एवं 2016-17)

2.2.4 vuojr cpr

यह संज्ञान में आया कि 17 अनुदानों के अन्तर्गत 22 प्रकरणों में विगत पाँच वर्षों से अनवरत बचत (₹ 100 करोड़ और अधिक), ₹ 102.54 करोड़ एवं ₹ 3,300.96 करोड़ के मध्य थी, जैसा कि विवरण *ifjf'k"V* **2.5** में दिया गया है।

laLrqfr½ सभी प्रत्याशित बचतों को समय से अभ्यर्पित कर देना चाहिये जिससे निधियों का उपयोग विकास के अन्य उद्देश्यों के लिये किया जा सके।

2.2.5 vuko';d@vi;kZIr vuqiwjd izko/kku

वर्ष 2016-17 में, 56 प्रकरणों में ₹ 7,712.64 करोड़ का अनुपूरक प्रावधान (प्रत्येक प्रकरण में ₹ एक करोड़ या अधिक) अनावश्यक सिद्ध हुआ क्योंकि मूल प्रावधान की ही धनराशि व्यय नहीं की जा सकी थी, जिसका विवरण *ifjf'k"V* **2.6** में दिया गया है।

2.2.6 vf/kd@vuko';d fuf/k;ksa dk iqufoZfu;ksx

पुनर्विनियोग के बावजूद, 43 अनुदानों में निहित 109 उप–शीर्षों में ₹ 2,294.89 करोड़ की बचत तथा 28 अनुदानों के 53 उपशीर्षों में ₹ 1,693.44 करोड़ का व्ययाधिक्य, वास्तविक आवश्यकता का आकलन किये बिना अनौचित्यपूर्ण पुनर्विनियोग को दर्शाता है (*ifjf'k"V* **2.7**)।

2.2.7 vR;f/kd /kujkf'k;ksa dk vH;iZ.k

वर्ष 2016-17 के दौरान, 247 उपशीर्षों में अत्यधिक धनराशियों का अभ्यर्पण (कुल प्रावधान का 50 *प्रतिशत* या अधिक) ₹ 9,280.48 करोड़ (कुल प्रावधान

₹ 11,086.84 करोड़ का 84 *प्रतिशत*) किया गया, जिसमें 105 योजनाओं/कार्यक्रमों (₹ 5,196.55 करोड़) का 100 *प्रतिशत* अभ्यर्पण सम्मिलित है, जिसका विवरण ***ifjf'k"V* 2.8** में दिया गया है। इस प्रकार अत्यधिक धनराशियों के अभ्यर्पण से स्पष्ट है कि या तो बजट बनाने में समुचित सावधानी नहीं बरती गयी या कार्यक्रम के क्रियान्वयन में गम्भीर कमी हुई।

2.2.8 okLrfod cpr ls vf/kd vH;iZ.k

वर्ष 2016-17 के दौरान, छः अनुदानों (प्रत्येक प्रकरण में ₹ 50 लाख या अधिक) में ₹ 4,869.45 करोड़ की बचत के सापेक्ष ₹ 5,434.93 करोड़ धनराशि का अभ्यर्पण किया गया, परिणामस्वरूप ₹ 565.48 करोड़ का अधिक अभ्यर्पण हुआ, जिसका विवरण ***ifjf'k"V* 2.9** में दिया गया है। वास्तविक बचत से अधिक धनराशि के अभ्यर्पण से स्पष्ट है कि विभाग द्वारा मासिक व्यय विवरण के माध्यम से व्यय के प्रवाह की निगरानी पर पर्याप्त बजटीय नियन्त्रण नहीं रखा गया।

2.2.9 vH;fiZr u dh xbZ iwokZuqekfur cpr%

बजट मैनुअल के प्रस्तर 139 के अनुसार, व्यय करने वाले विभागों को ऐसे अनुदान/विनियोग या उनके अंश को, जैसे ही बचत प्रत्याशित हो, वित्त विभाग को अभ्यर्पित कर देना चाहिए। वर्ष 2016-17 के अन्त में, अनुदानों/विनियोगों के 41 प्रकरणों में ₹ 11,529.63 करोड़ की बचत होने के पश्चात् भी उसका कोई भी भाग व्यय करने वाले विभागों द्वारा अभ्यर्पित नहीं किया गया। विस्तृत विवरण ***ifjf'k"V* 2.10** में दिया गया है।

इसी प्रकार, 90 प्रकरणों (प्रत्येक प्रकरण में ₹ एक करोड़ एवं अधिक की बचत) में बचत की धनराशि ₹ 35,507.05 करोड़ में से ₹ 24,143.67 करोड़ (68 *प्रतिशत*) अभ्यर्पित नहीं की गयी ***¼ifjf'k"V* 2.11½** जो कुल बचत ₹ 45,513.63 करोड़ का 53 *प्रतिशत* थी। यह अपर्याप्त वित्तीय नियन्त्रण एवं परिणामस्वरूप निधियों का अवरोधन दर्शाता है।

lLrqfr% *सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि अत्यधिक, अनावश्यक, अनुपूरक प्रावधान तथा अविवेकपूर्ण अभ्यर्पण से बचा जाय।*

2.2.10 O;; dk xyr oxhZdj.k

राजस्व व्यय स्वभावतः आवर्ती होता है और राजस्व प्राप्तियों से होना माना जाता है। अग्रेतर, भारत सरकार लेखा मानक–2 (आई.जी.ए.एस–2) के अनुसार सहायता अनुदान पर किया गया व्यय स्वीकृतिकर्ता के लेखे में राजस्व व्यय के रूप में एवं प्राप्तकर्ता के लेखे में राजस्व प्राप्तियों के रूप में अभिलिखित किया जाता है। स्थायी प्रकृति की परिसम्पत्तियों को बढ़ाये जाने अथवा आवर्ती दायित्वों को कम करने के उद्देश्य से किये गये व्यय को पूंजीगत व्यय के रूप में परिभाषित किया जाता है।

यद्यपि वर्ष 2016-17 के दौरान, राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये लघु निर्माण कार्यों हेतु ₹ 64.75 करोड़ को राजस्व शीर्ष में पुस्तांकित न करके विभिन्न पूंजीगत शीर्षों में पुस्तांकित किया गया। सहायता अनुदानों पर व्यय धनराशि ₹ 0.46 करोड़ पूंजीगत अनुभाग के अन्तर्गत किया गया जबकि इसे राजस्व व्यय के रूप में व्यय किया जाना चाहिए।

इसी प्रकार, 'गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद', 'व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान' एवं 'कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय' मद पर क्रमशः ₹ 0.03 करोड़, ₹ 3.63 करोड़ एवं ₹ 0.21 करोड़ (कुल ₹ 3.87 करोड़) के व्यय को पूंजीगत अनुभाग के अन्तर्गत पुस्तांकित किया गया, जिसे राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाना था।

2.2.11 jkT; vkdfLedrk fuf/k ls vfxze &izfriwfrZ ugha dh x;h

आकस्मिकता निधि अधिनियम, 1950 के संवैधानिक प्रावधानों के अन्तर्गत, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आकस्मिकता निधि, ₹ 600 करोड़ की कार्पस धनराशि के साथ रखी जाती है। उत्तर प्रदेश आकस्मिकता निधि नियम, 1962 के अनुसार, निधि से अग्रिम केवल अप्रत्याशित तथा आकस्मिक व्यय की पूर्ति के लिए लिया जायेगा, जिसकी प्रतिपूर्ति विधायिका द्वारा प्राधिकृत किये जाने तक लम्बित रहती है।

यद्यपि, यह पाया गया कि आकस्मिकता निधि से दिसम्बर 2016 से फरवरी 2017 के दौरान ₹ 308.12 करोड़ आहरित किया गया जिसकी प्रतिपूर्ति वित्तीय वर्ष (मार्च 2017) के अन्त तक नहीं हुई थी।

अग्रेतर, यह संज्ञान में आया कि अग्रिम में से उ.प्र. जल निगम को दिसम्बर 2016 से जनवरी 2017 के दौरान ₹ 300 करोड़ ब्याज रहित ऋण के रूप में वेतन तथा सेवानिवृत्तिक प्रतिबद्धता की पूर्ति के लिए दिया गया, जो आकस्मिक तथा अप्रत्याशित व्यय का समावेश नहीं करता एवं उ.प्र. आकस्मिकता निधि के नियमों के विपरीत वर्ष के दौरान इसकी प्रतिपूर्ति भी नहीं की गयी।

laLrqfr% राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि आकस्मिक एवं अप्रत्याशित प्रकृति के व्यय को छोड़कर आकस्मिकता निधि से किसी अग्रिम का आहरण न किया जाये।

2.2.12 O;; dk vfrjsd

सामान्य वित्तीय नियम (जी.एफ.आर.) के नियम 56(3) के अनुसार, विशेषकर वित्तीय वर्ष के अन्तिम माह में व्यय का अतिरेक, वित्तीय औचित्य का उल्लंघन होगा तथा इसे रोका जाना चाहिये। अन्तिम त्रैमासिक में व्यय को सामग्री तथा सेवाओं की वास्तविक अधिप्राप्ति एवं पूर्व में हुए व्यय की प्रतिपूर्ति के अनुसार सीमित करना चाहिये। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा अन्तिम माह (मार्च) में व्यय की सीमा 15 *प्रतिशत* तक सीमित की गयी है। यद्यपि, उ.प्र. सरकार द्वारा व्यय के अतिरेक की सीमा के सम्बन्ध में कोई नियम नहीं बनाया गया है।

ifjf'k"V **2.12** में ऐसे प्रकरण वर्णित हैं जिसमें मार्च 2017 में व्यय पूरे वर्ष के आवंटन का 15 *प्रतिशत* से अधिक था। इन प्रकरणों में से, मुख्य शीर्ष 2515 के अन्तर्गत *पंचायती राज* को अनुदान के वास्तविक व्यय, ₹ 13,409.89 करोड़, के सापेक्ष ₹ 3,813.33 करोड़ (27 *प्रतिशत*) का व्यय केवल मार्च 2017 में किया गया। यह भी पाया गया कि उ.प्र. सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत मिशन (₹ 80.82 करोड़) एवं ग्राम पंचायत को सहायता अनुदान (₹ 2,972.99 करोड़) के लिए कुल ₹ 3,053.81 करोड़ के स्वीकृति आदेशों को एक ही दिन, 30 मार्च 2017, को निर्गत किया गया।

laLrqfr% शासन को यह सुनिश्चित करने के लिये नियम बनाना चाहिये कि बजट प्रावधान अनुपयोगी न रहे एवं वित्तीय वर्ष के अन्त में व्यय के अतिरेक पर नियन्त्रण हो।

v/;k; 3

foRrh; fjikfVx ,o y[kkvk ij fVIi.kh

यह अध्याय वर्तमान वर्ष में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न वित्तीय नियमों, प्रक्रियाओं एवं निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का विहंगावलोकन प्रस्तुत करता है।

3.1 Ok;fDrd ytj [kkr@tek [kkr

3.1.1 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 202, वार्षिक वित्तीय विवरण/बजट के माध्यम से लोक व्यय पर विधायी वित्तीय नियन्त्रण प्रदान करता है। उ.प्र. बजट मैनुअल में निर्धारित है कि सभी अन्तिम बचतों को 25 मार्च तक वित्त विभाग को समर्पित कर देना चाहिए एवं किसी भी वित्तीय अनियमितता के लिये सम्बन्धित अधिकारीगण उत्तरदायी होंगें।

वित्तीय वर्ष के अन्त में अनुदानों को व्यपगत होने से बचाने के लिये अव्ययित निधियों को नियमित रूप से लोक लेखे के अधीन विभिन्न जमा शीर्षों (पी.डी.)/वैयक्तिक लेजर खातों (पी.एल.ए.) में हस्तान्तरित किये जाने के उ.प्र. सरकार के अनेक विभागों द्वारा वित्तीय प्रावधानों के उल्लंघन पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के वार्षिक लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में निरन्तर टिप्पणी की गयी है। अग्रेतर, उ.प्र. वैयक्तिक लेजर खाता नियमावली, 1998, वित्त विभाग की पूर्व अनुमोदन से ही अव्ययित निधियों को पी.डी./पी.एल.ए. में जमा करने की अनुमति प्रदान करता है। यद्यपि इस प्रावधान का उपयोग कदाचित ही करना है, लेखापरीक्षा में कोई साक्ष्य नहीं पाया गया कि वित्त विभाग ने सुनिश्चित किया हो कि विभागों ने अव्ययित धनराशि को इस प्रकार नियमित रूप से पी.डी./पी.एल.ए. में हस्तान्तरण करने से पूर्व अनुमोदन प्राप्त किया हो। ऐसी प्रथा विधायी उद्देश्य का उल्लंघन है, जिसे यह सुनिश्चित करना है कि उनके द्वारा वित्तीय वर्ष के लिये अनुमोदित निधियाँ उसी वित्तीय वर्ष में व्यय हो। वित्त विभाग, जो लोक वित्त का अभिरक्षक है, द्वारा वित्तीय औचित्य एवं विवेक का उल्लंघन करने वाले ऐसे अनियमित प्रथा पर नियंत्रण रखने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गयी या सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की संस्तुति नहीं की गयी।

पी.डी. खातों में अवशेषों का समय–समय पर मिलान न किया जाना एवं पी.डी. खातों में पड़े अव्ययित अवशेषों को वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व समेकित निधि में हस्तान्तरित न किया जाना लोक निधि के दुरूपयोग, कपट एवं दुर्विनियोजन के जोखिम का संकेत करता है।

राज्य सरकार के वित्त लेखे के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार के पी.एल. खातों में 31 मार्च 2017 तक अन्तिम अवशेष ₹ 6,835.75 करोड़ था।

3.1.2 vlpkfyr ih-Mh-@ih-,y- [kkr

पी.एल.ए. नियमावली यह प्रावधान करता है कि तीन वर्षों से अधिक लेन–देन न होने पर पी.डी/पी.एल. खातों को बन्द कर दिया जाय। तथापि, यह पाया गया कि मुख्य शीर्ष 8443 सिविल जमा एवं मुख्य शीर्ष 8448 स्थानीय निधियों की जमा के अधीन 341 पी.डी./पी.एल. खाते जिसमें तीन वर्षों से अधिक समय से लेन–देन नहीं हुआ था एवं 31 मार्च 2017 तक अव्ययित अवशेष ₹ 95.80 करोड़ पड़ा हुआ था, को बन्द करने में उ.प्र. सरकार असफल रही। विवरण lkj.kh **3.1** में दिया गया है:

Lkkj.kh 3.1% vlapkfyr ih-Mh- ys[kk

(/kujkf'k ₹ esa)

Ø0 la0	/kujkf'k dh lhek	izdj.kksa dh la[;k	/kujkf'k
1	एक लाख से कम	206	53,05,322
2	1 से 5 लाख	73	1,74,92,551
3	5 से 10 लाख	19	1,30,59,197
4	10 से 20 लाख	18	2,46,75,886
5	20 से 50 लाख	11	3,44,45,675
6	50 लाख एवं अधिक	14	86,30,71,366
		;ksx	95,80,49,997

lLrqfr% वित्त विभाग द्वारा सभी पी.डी./पी.एल. खातों की समीक्षा किये जाने की आवश्यकता है एवं इन पी.डी./पी.एल. खातों में अनावश्यक पड़ी सभी धनराशियों को तत्काल समेकित निधि में प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अग्रेतर, वित्तीय नियमावली में निहित निर्देशों को वित्त विभाग द्वारा दोहराते हुये यह सुनिश्चित किये जाने की आवश्यकता है कि नियमों के अनुसरण करने में असफल रहे विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जाय।

3.2 Hkou ,oa vU; lfUuekZ.k Jfed dY;k.k midj

भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक (बी.ओ.सी.डब्लू.) कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 एवं बी.ओ.सी.डब्लू. (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996 ऐसे किसी भी प्रतिष्ठान, जिनके द्वारा किसी भवन या अन्य निर्माण कार्य में 10 या अधिक निर्माण श्रमिकों को नियोजित किया गया हो, को समाविष्ट करता है। अधिनियम, अन्य बातों के साथ, श्रमिकों के कार्य की दशा में सुधार के उद्देश्य एवं उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु कल्याण बोर्ड के गठन किये जाने तथा निर्माण की लागत पर उपकर के आरोपण एवं संग्रहण के माध्यम से कल्याण बोर्ड के संसाधनों में वृद्धि किये जाने का प्रावधान करता है। तद्नुसार, उ.प्र. सरकार ने उ.प्र. बी.ओ.सी.डब्लू. कल्याण बोर्ड का गठन (नवम्बर 2009) किया, तथा, उपकर अधिनियम के सम्बन्ध में, एक *प्रतिशत* की दर से उपकर उद्ग्रहित किया। उ.प्र. बी.ओ.सी.डब्लू. नियमावली 2009 में पंजीकरण शुल्क ₹ 50 एवं पंजीकृत श्रमिकों से वार्षिक सदस्यता शुल्क ₹ 50 का संग्रहण किया जाना निहित है। इस सम्बन्ध में, लेखापरीक्षा निष्कर्ष निम्नवत् है।

3-2-1 midj dk ys[kkadu

लेखापरीक्षा में पाया गया कि कल्याण बोर्ड द्वारा गठन (नवम्बर 2009) से ही अपने लेखे को अन्तिम रुप नहीं दिया गया। विगत पांच वर्षों की उपकर प्राप्तियों एवं उपभोग का विवरण **lkj.kh 3-2** में दिया गया है:

Lkkj.kh 3.2% iathdj.k 'kqYd] midj ,oa miHkksx dh foRrh; fLFkfr

(₹ djksM+ esa)

Ø0 la0	o"kZ	izkjfEHkd vo'ks"k	izkfIr;k¡				dqy miyC/k fuf/k	O;;	vfUre 'ks"k
			iathdj.k izHkkj ,oa okf"kZd lnL;rk 'kqYd	cSad ykHk esa izkIr Je midj	dk"kkxkj ls izkIr midj ¼jkT; ljdkj½	tek /kujkf'k ij C;kt			
1	2012-13	381.91	13.87	311.79	0	27.43	735.00	4.89	730.11
2	2013-14	730.11	17.84	458.46	165.00	49.58	1,420.99	98.12	1,322.87
3	2014-15	1,322.87	28.59	500.44	9.25	97.07	1,958.22	127.63	1,830.59
4	2015-16	1,830.59	14.55	686.81	0	128.37	2,660.32	202.41	2,457.91
5	2016-17	2,457.91	13.00	829.60	10.00	162.23	3,472.74	277.78	3,194.96

(स्रोतः सचिव, बी.ओ.सी.डब्लू.) (अनन्तिम आंकड़े)

इस सम्बन्ध में, अतिरिक्त निष्कर्ष निम्नवत् हैः

- बोर्ड द्वारा आरम्भ से ही अपने लेखे तैयार नहीं किये गये हैं, इसलिए आय एवं व्यय की प्रामाणिकता लेखापरीक्षा में सुनिश्चित नहीं की जा सकी।
- बोर्ड द्वारा स्थायी परिसम्पत्ति पंजिका का अनुरक्षण नहीं किया गया जिसके अभाव में सृजित परिसम्पत्तियों के भौतिक अस्तित्व तथा उनकी स्थिति को सत्यापित नहीं किया जा सका।
- उ.प्र. सरकार मार्च 2017 तक बोर्ड को ₹ 34.48 करोड़ स्थानान्तरित करने में असफल रही परिणामतः वर्ष 2016–17 में उक्त धनराशि की सीमा तक राजस्व आधिक्य में अतिशयता एवं राजकोषीय घाटा में न्यूनता रही।
- राज्य सरकार द्वारा 16 विभागों के अधिकारियों को उपकर निर्धारण अधिकारी एवं उपकर संग्रहक नामित (सितम्बर 2010) किया गया। उ.प्र. सरकार ने शासनादेश (अगस्त 2012) एवं पुनः (सितम्बर 2016) द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को संग्रहित उपकर की प्राप्तियों को बोर्ड द्वारा इस हेतु संचालित राष्ट्रीयकृत बैंक खाता में जमा किये जाने के निर्देश दिये। उपकर को राज्य की समेकित निधि में लाये बिना सीधे बैंक खाते में स्थान्तातरण किये जाने का आदेश भारतीय संविधान के अनुच्छेद 266(1) का उल्लंघन है। परिणामस्वरूप, यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है कि कितनी धनराशि का संग्रहण उपकर निर्धारण अधिकारियों द्वारा किया गया एवं कितनी धनराशि बोर्ड को स्थानान्तरित की गयी।

3.2.2 midj dk mi;ksx

राज्य सरकार द्वारा बी.ओ.सी.डब्लू. कल्याण निधि से लाभ दिये जाने हेतु विभिन्न योजनाओं/गतिविधियों को अधिसूचित किया गया यथा मातृत्व हितलाभ, पेंशन, आवास क्रय/निर्माण हेतु अग्रिम, अन्त्येष्टि सहायता, चिकित्सीय सहायता, मेधावी छात्रों को नकद पुरस्कार, लाभार्थियो के बच्चों की शिक्षा/शादी हेतु वित्तीय सहायता आदि। वर्ष 2012-17 की अवधि में इन योजनाओं पर हुये व्यय का विवरण **lkj.kh 3.3** में दिया गया हैः

lkj.kh 3.3% fuf/k ds vkoaVu ,oa miyC/krk ds lkis{k ;kstukvksa ij 0;; dk fooj.k

Ok"kZ	miyC/k fuf/k ¼₹ djksM+ esa½	Lkapkfyr ;kstuk;sa		;kstukvksa ij okLrfod 0;; ¼₹ djksM+ esa½	Ok"kZ ds vUr rd Ikathd`r Jfed	vkPNkfnr Jfed	Ikfr'krrk		
		la[;k	vkoaVu ¼₹ djksM+ esa½				vkPNkfnr Jfed	vkoaVu ds lkis{k mi;ksx	miyC/k fuf/k ds lkis{k mi;ksx
2012-13	735.00	15	225.00	3.95	2,70,871	9,610	3.55	1.76	0.54
2013-14	1,420.99	18	301.90	93.39	10,90,192	95,295	8.74	30.93	6.57
2014-15	1,958.22	22	457.90	105.96	19,58,544	2,14,121	10.93	23.14	5.41
2015-16	2,660.32	21	605.61	141.82	27,41,452	2,77,909	10.14	23.42	5.33
2016-17	3,472.74	23	752.83	249.88	34,27,104	5,16,851	15.08	33.19	7.20

(स्रोतः सचिव, बी.ओ.सी.डब्लू.) (अनन्तिम आंकड़े)

laLrqfr% उ.प्र. बी.ओ.सी.डब्लू. कल्याण बोर्ड द्वारा समय से लेखे की तैयारी प्रारम्भ किया जाना तथा भवन एवं सन्निर्माण श्रमिकों की कार्य की दशा में सुधार एवं उन्हें पर्याप्त वित्तीय सहायता दिये जाने के अधिदेश की पूर्ति हेतु सम्बन्धित अभिलेखों का अनुरक्षण किया जाना चाहिए। उपकर को, समेकित निधि के माध्यम से, के स्थान पर बोर्ड के बैंक खाते में सीधे स्थानान्तरण किये जाने के अपने आदेशों की उ.प्र. सरकार द्वारा समीक्षा भी की जानी चाहिए।

3.3 fodkl izkf/kdj.kksa ,oa vkokl fodkl ifj"knksa dks vfrfjDr LVkEi M~;wVh dk vUrj.k

उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 में स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग द्वारा अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी के संग्रहण करने एवं बाद में उसे विर्निदिष्ट अनुपात में सम्बन्धित नगर निगमों/नगर पालिकाओं/परिषदों/विकास प्राधिकरणों को हस्तांतरण किये जाने का प्रावधान है।

अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी के रूप में प्राप्त धनराशि का लेखांकन मुख्य शीर्ष 0030–स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क, 02–स्टाम्प नान–जुडिशियल, 102–स्टाम्प बिक्री के अधीन किया जाता है। तथापि, राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी के रूप में प्राप्त राजस्व धनराशि के चिन्हांकन के लिए अलग से उप शीर्ष नहीं खोला गया है जिसके अभाव में यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार द्वारा दो *प्रतिशत* अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी के रूप में कितनी धनराशि प्राप्त की गयी है तथा क्या प्राप्त समस्त धनराशि सम्बन्धित नगर निगमों/नगर पालिकाओं/परिषद/विकास प्राधिकरणों को विर्निदिष्ट अनुपात में स्थानान्तरित कर दी गयी।

विकास प्राधिकरणों/नगर निगमों/परिषदों को निधियों के स्थानान्तरण के सम्बन्ध में, यह पाया गया कि सरकार द्वारा व्यय का लेखांकन मुख्य शीर्ष 2216–आवास या 2217–नगर विकास, जैसा प्रकरण हो, के स्थान पर मुख्य शीर्ष 3475-800-03 के अधीन किया जा रहा था। त्रुटिपूर्ण लेखांकन किये जाने से मुख्य शीर्ष 2216/2217–आवास/नगर विकास विभाग के अधीन व्यय में न्यूनता जबकि मुख्य शीर्ष 3475–अन्य सामान्य आर्थिक सेवाओं के अन्तर्गत व्यय में उस सीमा तक अतिशयता दर्शित हुई।

उ.प्र. सरकार द्वारा निर्गत आदेश (सितम्बर 2015) में निर्धारित किया गया है कि ऐसी अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी सर्वप्रथम लखनऊ विकास प्राधिकरण (एल.डी.ए.) को स्थानान्तरित की जायेगी, जहां से इस अधिनियम के अन्तर्गत निधियों को प्राप्त करने के लिए अधिकृत सभी इकाइयों को प्रेषित किया जायेगा। राज्य सरकार के लेखे से यह सत्यापन किया जाना सम्भव नहीं है कि क्या सभी अन्य इकाइयों को अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी का पूर्ण अंश हस्तान्तरित करने में एल.डी.ए. ने अपने उत्तरदायित्व की पूर्ति की, क्योंकि एल.डी.ए. से आगे के संव्यवहार शासकीय लेखे में प्रदर्शित नहीं हो पाते हैं। लेखे से यह भी सत्यापन किया जाना सम्भव नहीं है कि एल.डी.ए. ने मात्र उन इकाइयों को ही निधियों का हस्तान्तरण किया जो कि अधिनियम में निर्धारित है एवं अन्य को नहीं। विभिन्न प्राधिकरणों को हस्तान्तरित धनराशि (₹ 418.35 करोड़) का विवरण ***ifjf'k"V 3.1*** में दिया गया है।

अग्रेतर, सरकार द्वारा अतिरिक्त दो *प्रतिशत* स्टाम्प ड्यूटी के वितरण की प्रक्रिया के निर्धारण (सितम्बर 2013) में, एकत्र धनराशि का 25 *प्रतिशत* डेडीकेटेड नगर परिवहन निधि को स्थानान्तरित किये जाने का आदेश दिया गया जो अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत था। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, दो *प्रतिशत* स्टाम्प ड्यूटी की अतिरिक्त धनराशि का उपभोग मात्र उस क्षेत्र के विकास के लिये किया जाना था जहां से धनराशि एकत्र की गयी थी इसलिये निधि की 25 *प्रतिशत* धनराशि डेडीकेटेड नगर परिवहन निधि को स्थानान्तरित किया जाना अनियमित था। यह पाया गया कि सरकार द्वारा वर्ष 2014-15 एवं आगे इस निधि के लिये मुख्य शीर्ष 2217-80-800-08 के अन्तर्गत निरन्तर प्रावधान किया जा रहा था। इस सम्बन्ध में किये गये प्रावधान एवं व्यय का विवरण **lkj.kh 3.4** में दिया गया है:

Lkkj.kh 3.4 % MsMhdsVsM uxj ifjogu fuf/k ds fy;s izko/kku@O;; dk fooj.k

(₹ djksM+ esa)

o"kZ	izko/kku	O;;
2014-15	300	285
2015-16	434	430
2016-17	375	-

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के विनियोग लेखे)

वर्ष 2016-17 में किये गये प्रावधान ₹ 375 करोड़ को कोषागार से आहरित नहीं किया जा सका था जो अंततः व्यपगत हो गया क्योंकि वित्तीय संस्वीकृति वर्ष के अंतिम दिवस अर्थात् 31 मार्च 2017 को दी गयी थी।

laLrqfr% उ.प्र. सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी की प्राप्तियां एवं उ.प्र. नगर योजना एवं विकास अधिनियम में विनिर्दिष्ट प्राधिकरणों/निगमों आदि को स्थानान्तरित धनराशि, लेखे में पूर्णरूपेण एवं पारदर्शिता से प्रदर्शित हो। अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी की 25 प्रतिशत धनराशि डेडीकेटेड नगर परिवहन निधि को हस्तांतरण सम्बन्धी आदेश, जो अधिनियम के प्रावधानों के प्रतिकूल है, की समीक्षा भी उ.प्र. सरकार द्वारा की जानी चाहिए।

3.4 ys[ks esa vikjnf'kZrk

अन्य प्राप्तियां एवं अन्य व्यय से सम्बन्धित लघु शीर्ष 800 का परिचालन तभी किया जाना अभीष्ट है जब लेखे में समुचित लघु शीर्ष उपलब्ध न हो। लघु शीर्ष 800 का नियमित परिचालन हतोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि यह लेखों की पारदर्शिता को कम करता है।

जांच में पाया गया कि वर्ष 2016–17 के दौरान लेखे के विभिन्न राजस्व एवं पूंजीगत मुख्य शीर्षों के व्यय पक्ष मे ₹ 35,329.20 करोड़ (जो कुल व्यय का लगभग 11.53 *प्रतिशत* थे) विभिन्न मुख्य शीर्षों के अधीन लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय के अन्तर्गत अभिलेखित किये गये।

इसी प्रकार, लेखे के विभिन्न राजस्व मुख्य शीर्षों के अन्तर्गत ₹ 36,826.27 करोड़ (जो कुल राजस्व प्राप्तियों का लगभग 14.34 *प्रतिशत थे*) विभिन्न मुख्य शीर्षों के अधीन लघु शीर्ष 800–अन्य प्राप्तियों के अन्तर्गत अभिलेखित किये गये।

ऐसे उदाहरण जहाँ प्राप्तियों एवं व्यय के बहुत अधिक भाग (सम्बन्धित मुख्य लेखाशीर्ष के अन्तर्गत कुल प्राप्तियों/व्यय का 50 *प्रतिशत* या अधिक) लघु शीर्ष 800–अन्य प्राप्तियों/व्यय के अन्तर्गत वर्गीकृत किये गये थे, का विवरण ys[kkvksa ij fVIi.kh ¼foRr ys[kk&Hkkx&1½ के *ifjf'k"V [k* एवं *x* में दिये गये हैं।

यद्यपि भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के विगत प्रतिवेदनों में उपरोक्त पहलू पर निरन्तर टिप्पणी किये जाने से कुछ सुधार हुआ है। तथ्य है कि सम्बन्धित मुख्य शीर्ष के अधीन बहुत अधिक मात्रा में प्राप्तियों एवं व्ययों को लघु शीर्ष 800 के अन्तर्गत लेखांकन चिन्ता का कारण है क्योंकि यह पारदर्शिता को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

laLrqfr% वित्त विभाग को लघु शीर्ष 800 के अधीन वर्तमान में दर्शित हो रहे सभी मदों की विस्तृत समीक्षा महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के परामर्श से संचालित करनी चाहिए एवं यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसे सभी प्राप्तियों एवं व्ययों को लेखे के समुचित शीर्ष के अधीन पुस्तांकित किया जाय।

3.5 jksdM+cgh dk vuqj{k.k u fd;k tkuk

प्राप्तियों एवं वितरणों के वित्तीय संव्यहारों के लिये रोकड़बही प्राथमिक अभिलेख है जिसे प्रत्येक कार्यालय में प्राप्तियों एवं शासकीय धन की अभिरक्षा को उचित ढंग से

सुनिश्चित करने के लिये अनिवार्य रूप से अनुरक्षित किया जाना आवश्यक है। रोकड़बही का अनुरक्षण न किया जाना/अनुचित अनुरक्षण से न केवल शुद्धता एवं लेखे की पूर्णता प्रभावित होती है अपितु शासकीय निधियों के सम्भावित कपट, दुर्विनियोग एवं गबन का संकेतक भी है।

राज्य विधायिका को प्रस्तुत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदनों एवं महालेखाकार द्वारा विभिन्न विभागों को अलग से जारी निरीक्षण प्रतिवेदनों में उ.प्र. सरकार की विभिन्न इकाइयों द्वारा रोकड़बही का अनुरक्षण न किये जाने/अनुचित अनुरक्षण से सम्बन्धित कई प्रकरणों को सम्मिलित किया गया। उदाहरणस्वरूप, बच्चों के निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार की निष्पादन लेखापरीक्षा (वर्ष 2017 की प्रतिवेदन संख्या 2) में पाया गया कि नमूना जांच किये गये 184 स्कूलों में रोकड़बही का अनुरक्षण नहीं किया गया था। लेखापरीक्षा में पाये गये कुछ अतिरिक्त अद्यतन प्रकरण *ifjf'k"V* ***3.2*** में सूचीबद्ध किये गये है।

laLrqfr% *वित्त विभाग को सुनिश्चित करना चाहिए कि वित्तीय नियमावली में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उ.प्र. सरकार के सभी विभागों एवं अधीनस्थ इकाइयों द्वारा रोकड़बही का अनुरक्षण किया जाय।*

3.6 lkoZtfud {ks= ds miØeksa@fuxeksa ds ys[kkvksa ds vfUrehdj.k esa foyEc

कम्पनी अधिनियम में निर्धारित है कि सम्बन्धित वित्तीय वर्ष के अन्त से छः महीने के अन्दर अर्थात अगले वित्तीय वर्ष के 30 सितम्बर तक कम्पनियों के वित्तीय विवरणों को अन्तिम रूप देना आवश्यक है। समय पर लेखाओं के प्रस्तुत करने में विफलता, कम्पनी के अधिकारियों को अधिनियम के अन्तर्गत दण्ड प्रावधानों हेतु उत्तरदायी बनाता है, जिसमें अर्थदण्ड एक लाख रूपये तक एवं साथ ही व्यतिक्रम के प्रत्येक अतिरिक्त दिन के लिये अग्रेतर अर्थदण्ड ₹ 5,000 हो सकता है। सांविधिक निगमों के प्रकरण में, संचालित अधिनियम उनसे अपेक्षा करता है कि उनके लेखे का अन्तिमीकरण, सम्प्रेक्षित एवं राज्य विधायिका में प्रस्तुत हो।

उपरोक्त प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए, उ.प्र. में 88 *प्रतिशत* से अधिक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पी.एस.यू.) के लेखे बकाया है, जिनका विवरण **lkj.kh 3-5** में है:

lkj.kh 3-5: 31 ekpZ 2017 dks ih-,l-;w- ds okf"kZd ys[kkvksa ds cdk;s dk vof/kokj fooj.k

Ø- l-	fooj.k	fØ;k'khy	vfØ;k'khy	;ksx
1	पी.एस.यू. की संख्या	65	39	104
2(अ)	बकाये लेखे वाले पी.एस.यू./निगम की संख्या	56	36	92
2(ब)	बकाये लेखाओं की संख्या	230	527	757
3(अ)	5 वर्ष से कम बकाया लेखे वाले पी.एस.यू./निगमों की संख्या	40	10	50
3(ब)	उपरोक्त पी.एस.यू./निगमों में बकाया लेखाओं की संख्या	76	24	100
4(अ)	5 से 10 वर्ष के बकाया लेखे वाले पी.एस.यू./निगमों की संख्या	11	6	17
4(ब)	उपरोक्त पी.एस.यू./निगमों में बकाया लेखाओं की संख्या	71	36	107
5(अ)	10 एवं उससे अधिक वर्षों के बकाया लेखे वाले पी.एस.यू./निगमों की संख्या	5	20	25
5(ब)	उपरोक्त पी.एस.यू./निगमों में बकाया लेखाओं की संख्या	83	467	550
6	बकाये लेखाओं की सीमा (वर्ष में)	1 से 19	1 से 34	1 से 34

(स्रोतः सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अद्यतन् अन्तिम लेखे)

लेखाओं के अन्तिमीकरण न होने के कारण, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक कम्पनियों की अनुपूरक लेखापरीक्षा, जैसा कम्पनी अधिनियम में निर्धारित है, एवं निगमों की संवैधानिक लेखापरीक्षा, जैसा उनसे सम्बन्धित अधिनियमों में निर्धारित है, एक से 34 वर्षों से करने में असमर्थ है।

सुसंगत अधिनियमों का अनुपालन व्यतिक्रमी कम्पनियों एवं निगमों द्वारा सुनिश्चित कराये जाने में सम्बन्धित प्रशासनिक विभागों एवं विशेष रूप से वित्त विभाग की विफलता को उपरोक्त सूचित करता है।

यह विशेष रूप से देखे जाने योग्य है कि इन पी.एस.यू. द्वारा वित्तीय सहायता के लिये की गयी मांग की वास्तविकता का निर्णय करने के लिये लेखाओं के अभाव में भी, वित्त विभाग द्वारा इन पी.एस.यू. को इक्विटी, ऋण, सहायता अनुदान/सब्सिडी के अंतः प्रवाह के रूप में बजटीय समर्थन नियमित रूप से उपलब्ध कराया गया। वर्ष 2016–17 के दौरान, शासन द्वारा 16 क्रियाशील कम्पनियों/सांविधिक निगमों को ₹ 21,038.52 करोड़ (इक्विटीः ₹ 13,717.74 करोड़, ऋणः ₹ 3,815.81 करोड़, अनुदानः ₹ 155.87 करोड़ एवं सब्सिडीः ₹ 3,347.57 करोड़) तथा दो अक्रियाशील कम्पनियों को ₹ 1.53 करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया जिनके लेखाओं का अन्तिमीकरण नहीं हुआ था, विवरण ***ifjf'k"V 3.3*** में दर्शाया गया है।

इसी प्रकार, वर्ष 2015–16 में नौ क्रियाशील कम्पनियों को वित्तीय समर्थन एवं सहायता धनराशि ₹ 19,794.16 करोड़ (इक्विटीः ₹ 19,251.33 करोड़, ऋणः ₹ 162.73 करोड़, अनुदानः ₹ 320.93 करोड़ एवं सब्सिडीः ₹ 59.17 करोड़) उपलब्ध कराया गया जिनके लेखाओं का अन्तिमीकरण नहीं हुआ था, विवरण ***ifjf'k"V 3-4*** में दर्शाया गया है।

वर्ष 2016–17 के दौरान, कुल ₹ 6,741 करोड़ ऋण के रूप में राज्य सरकार द्वारा वितरित किया गया था, जिनमें से मुख्य वितरण यू.पी.पी.सी.एल. को ₹ 3,700 करोड़ का एक ऋण (उदय के लिये), सात ऋण ₹ 490 करोड़ का गन्ना आयुक्त को, 498 ऋण ₹ 330 करोड़ का स्थानीय निकायों के मल–जल निस्तारण एवं स्वच्छता इकाइयों को दिये गये थे।

lLrfr% *वित्त विभाग को उन सभी पी.एस.यू. के प्रकरणों की समीक्षा करनी चाहिए जिनके लेखे बकाया है एवं सुनिश्चित करना चाहिए कि उचित समयान्तर्गत लेखे वर्तमानकालिक बने एवं उन सभी प्रकरणों में वित्तीय समर्थन रोक देना चाहिए जहां लेखे निरन्तर बकाया हैं।*

3.7 v?kksf"kr ykHkka'k

राज्य सरकार द्वारा एक लाभांश नीति प्रतिपादित (अक्टूबर 2002) की गयी जिसके अन्तर्गत सभी लाभ अर्जित करने वाली पी.एस.यू. को राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अंशपूंजी के योगदान का पांच *प्रतिशत* न्यूनतम रिटर्न भुगतान करना आवश्यक है। तद्नुसार, 18 पी.एस.यू.[33] द्वारा लाभांश नीति के अनुसार लाभांश को घोषित करना था। तथापि, मात्र आठ पी.एस.यू.[34] ने ₹ 6.54 करोड़ का लाभांश घोषित किया। शेष लाभ

[33] 18=(कुल पी.एस.यू.: 33 घटायाः 15 पीएस.यू. {तीन पी.एस.यू. यथा उत्तर प्रदेश जल निगम, अपट्रान पावरट्रोनिक्स लिमिटेड एवं यू.सी.एम कोयला कम्पनी लिमिटेड दोनों श्रेणी में आते है अर्थात् हांनि में होना एवं शासकीय अंशपूंजी न होना]।

[34] उ.प्र. प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि., उ.प्र. राज्य औद्योगिक विकास निगम लि., उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम लि., उ.प्र. राज्य निर्माण एवं अवसंरचना विकास निगम लि., उ.प्र. राज्य सेतु निगम लि., उ.प्र. इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि., उ.प्र. खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लि. एवं उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड।

अर्जित करने वाले 10 पी.एस.यू.[35] ने ₹ 507.48 करोड़ का लाभांश घोषित नहीं किया जो देय न्यूनतम लाभांश के भुगतान सम्बन्धी राज्य सरकार की नीति के विपरीत था। विवरण *ifjf'k"V* **3.5** में दिया गया है

lLrfr% राज्य सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि लाभ अर्जित करने वाले पी.एस.यू. द्वारा वर्ष के अन्त तक विनिर्दिष्ट लाभांश को निश्चित रूप से शासकीय लेखे में जमा किया जाय।

3.8 bfDoVh@_.kk dk feyku u fd;k tkuk

31 मार्च 2017 तक, सरकार ने विभिन्न इकाइयों[36] में कुल ₹ 96,400 करोड़ का निवेश किया था। यह पाया गया कि वित्त लेखे में दिये गये विवरणों एवं पी.एस.यू. द्वारा सूचित आंकड़ों में ₹ 8,241.58 करोड़ की भिन्नता है, जिसका मिलान किया जा रहा है।

इसी प्रकार, उ.प्र. सरकार द्वारा दिये गये ऋण के सम्बन्ध में वित्त लेखे एवं पी.एस.यू. द्वारा सूचित आंकड़ों में भिन्नता है जिसका मिलान किया जा रहा है।

lLrfr% वित्त विभाग एवं सम्बन्धित प्रशासनिक विभागों को अभिलेखों एवं राज्य के निवेश से सम्बन्धित लेखे, ऋण एवं गारन्टी में भिन्नता के मिलान के लिये महालेखाकार (लेखा एवं हक.) के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए।

3.9 yfEcr izdj.kk dh fjikfVx

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (जी. एण्ड एस.एस.ए.), उ.प्र., इलाहाबाद में उपलब्ध विवरण/सूचना के अनुसार, वर्ष 2016–17 की अवधि तक चोरी या हानि के 135 प्रकरण निस्तारण हेतु लम्बित थे, जिसमें ₹ 8.83 करोड़ की धनराशि निहित थी। विभागवार लम्बित प्रकरणों एवं उनका अवधिवार विश्लेषण *ifjf'k"V* **3.6** में दिया गया है। ऐसे प्रकरणों की प्रकृति का विवरण *ifjf'k"V* **3.7** में दिया गया है। परिशिष्टियों में दिये गये लम्बित प्रकरणों की प्रकृति एवं अवधिवार स्थिति को **lkj.kh 3.6** में सारांशीकृत किया गया है:

lkj.kh 3-6% yfEcr izdj.kk dh fLFkfr

vof/kokj yfEcr izdj.k			yfEcr izdj.kk dh izd̀fr		
vof/k ¼o"kk e½	izdj.kk dh la[;k	lfEefyr /kujkf'k ¼₹ yk[k e½	izdj.kk dh izd̀fr	izdj.kk dh la[;k	lfEefyr /kujkf'k ¼₹ yk[k e½
0 – 5	6	64.24	चोरी	61	33.21
5 – 10	15	287.80			
10 – 15	22	67.05	दुर्विनियोग	08	58.73
15 – 20	14	62.86			
20 – 25	29	13.55	हानि	24	172.35
25 एवं इससे अधिक	49	387.07	गबन	42	618.28
;kx	**135**	**882.57**	;kx	**135**	**882.57**

(स्रोत% सम्बन्धित विभागों के अभिलेख)

ऐसे प्रकरणों के लम्बित रहने का कारण, जैसा विभागों द्वारा सूचित किया गया, **lkj.kh 3.7** में सूचीबद्ध है:

[35] उ.प्र. राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि., उ.प्र. राज्य भण्डारण निगम, उ.प्र. पुलिस आवास निगम लि., उ.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि., उ.प्र. बीज विकास निगम लि., उ.प्र. विकास सिस्टम कारपोरेशन लि., उ.प्र. महिला कल्याण निगम लि., उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम लि., उ.प्र. मत्सय विकास निगम लि. एवं उ.प्र. भूमि सुधार निगम लिमिटेड।

[36] संवैधानिक निगमों (₹ 856 करोड़), सरकारी कम्पनियों (₹ 93,299 करोड़), सहकारिताएं (₹ 2,199 करोड़) एवं बैंक (₹ 58 करोड़)–₹ 12 करोड़ के निवेश के विवरण का मिलान प्रगति में है।

lkj.kh 3.7½ yfEcr izdj.kksa dk dkj.k

foyEc@vo'k"k izdj.kksa dk dkj.k		izdj.kksa dh la[;k	/kujkf'k ¼₹ yk[k esa½
क	विभागीय एवं आपराधिक जाँच प्रतीक्षित है	27	189.67
ख	विभागीय जाँच प्रारम्भ की गयी परन्तु अन्तिम रूप नहीं दिया गया	74	541.63
ग	आपराधिक कार्यवाही पूरी की गयी परन्तु धनराशि की वसूली की कार्यवाही लम्बित हैं	1	4.14
घ	वसूली या अपलेखन के आदेश अपेक्षित हैं	9	6.40
ङ	माननीय न्यायालयों में लम्बित	24	140.73
	;ksx	**135**	**882.57**

(स्रोत½ सम्बन्धित विभागों के अभिलेख)

laLrqfr½ शासन को अधिपत्रित विभागीय कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण करना चाहिये एवं ऐसे प्रकरणों की रोकथाम/पुनरावृत्ति को रोकने के लिये आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करना चाहिए।

3.10 foHkkxh; okf.kfT;d miØeksa dk izksQkekZ ys[kk

विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रोफॉर्मा वार्षिक लेखे को अन्तिम रूप देना एवं लेखाबन्दी के तीन माह के अन्दर लेखापरीक्षा हेतु महालेखाकार को प्रस्तुत किया जाना आवश्यक हैं। तथापि, यह पाया गया कि, राज्य के नौ विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों में से तीन ने कई वर्षों से अपने लेखाओं को अन्तिम रूप नहीं दिया था। विवरण *ifjf'k"V 3.8* में दिया गया है।

3.11 miHkksx izek.k&i= izsf"kr u fd;k tkuk

वित्तीय नियमावली में निर्धारित है कि जहाँ विशिष्ट उद्देश्यों के लिये सहायता अनुदान स्वीकृत किये जाते हैं, सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों द्वारा अनुदान प्राप्तकर्ताओं से उपभोग प्रमाण–पत्र प्राप्त किये जाने चाहिए, जिन्हें सत्यापन के पश्चात् महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) को, निधियों का उपभोग विनिर्दिष्ट उद्देश्यों के लिये किये जाने को सुनिश्चित करने के लिये, अग्रेषित किया जाना चाहिये। तथापि, यह पाया गया कि, 31 मार्च 2017 तक ₹ 97,906.27 करोड़ के उपभोग प्रमाण–पत्र लम्बित थे, जैसा कि **lkj.kh 3.8** में दिया गया है:

lkj.kh 3-8½ yfEcr miHkksx izek.k&i=

vof/k	yfEcr miHkksx izek.k&i=ksa dh la[;k	/kujkf'k (₹djksM+ esa)
2014-15 तक	2,25,597	66,861.14
2015-16	11,355	10,223.77
2016-17	18,071	20,821.36
;ksx	**2,55,023**	**97,906.27**

(स्रोतः वित्त लेखे वर्ष 2016–17)

उपभोग प्रमाण–पत्रों के अप्रस्तुतीकरण के मुख्य प्रकरण *पंचायती राज* विभाग (₹ 25,490.95 करोड़), शिक्षा विभाग (₹ 25,693.52 करोड़), एवं समाज कल्याण विभाग (₹ 26,927.49 करोड़) से सम्बन्धित थे। अप्रस्तुत उपभोग प्रमाण–पत्र के प्रकरण नियमित रूप से भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में सूचित किये जाते रहे हैं, तथापि कोई सुधार नहीं हुआ। कई प्रकरणों में, उन्हीं प्राप्तकर्ताओं द्वारा उन्हीं विभागों से अगला अनुदान प्राप्त करना जारी रखा गया जबकि पूर्व के अनुदानों के उपभोग

प्रमाण पत्र लम्बित थे। उपभोग प्रमाण–पत्रों का अधिकता में लम्बित रहना निधियों के दुर्विनियोजन एवं कपट के जोखिम से भरा हुआ था।

lLrfr% वित्त विभाग द्वारा एक समय सीमा निर्धारित किया जाना चाहिए जिसके अन्तर्गत अनुदान अवमुक्त करने वाले प्रशासनिक विभाग अनुदान आदेश में निहित समय से अधिक लम्बित उपभोग प्रमाण पत्रों का संग्रह करें एवं यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी अवधि में, प्रशासनिक विभाग व्यतिक्रमी अनुदानग्राहियों को अगला अनुदान अवमुक्त न करे।

3.12 yfEcr foLrr vkdfLed fcy

वित्तीय नियमावली में अपेक्षित है कि संक्षिप्त आकस्मिक (ए.सी.) देयक द्वारा आहरित अग्रिमों का समायोजन शीघ्रता से विस्तृत आकस्मिक (डी.सी.) के माध्यम से किया जाय। तथापि, यह पाया गया कि 31 मार्च 2017 तक ₹ 139.05 करोड़ धनराशि के 3620 ए.सी. देयक समायोजन हेतु लम्बित थे, विवरण **lkj.kh 3.9** में दिया गया है। समय से डी.सी. देयक प्रस्तुत करने में विफलता सम्भावित दुर्विनियोग एवं कपट का संकेतक है।

lkj.kh 3.9% vlek;kftr lf{kIr vkdfLed n;d

vof/k	yfEcr Mh-lh- fcyks dh l[;k	/kujkf'k (₹ djksM+ e)
2014-15 तक	3,329	72.27
2015-16	170	19.04
2016-17	121	47.74
;kx	**3,620**	**139.05**

(स्रोतः वित्त लेखे वर्ष 2016–17)

लेखापरीक्षा में यह पाया गया कि मात्र मार्च 2017 में ही ₹ 32.97 करोड़ के 40 ए.सी. देयक आहरित किये गये, इनमें से 11 ए.सी. देयक ₹ 32.63 करोड़[37] वित्त विभाग द्वारा दिनांक 28 मार्च और 31 मार्च 2017 के मध्य आहरित किये गये। *क्षेत्र पंचायतों* एवं *ग्राम पंचायतों* को नियत कार्यों के लिये सीधे इन निकायों को धनराशि हस्तांतरित किये जाने के स्थान पर वित्त विभाग द्वारा ₹ 32.53 करोड़ का आहरण ए.सी देयक के माध्यम से किये जाने का कारण स्पष्ट नहीं है। ए.सी. देयक से अनावश्यक आहरण एवं निर्धारित समयान्तर्गत डी.सी. देयक प्रस्तुत न किया जाना वित्तीय व्यवस्था का उल्लंघन है एवं लोक निधि के दुर्विनियोजन के जोखिम का संकेतक है तथा अनुपयुक्त प्रथा है।

lLrfr% वित्त विभाग को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी नियन्त्रक अधिकारियों द्वारा निर्धारित अवधि से अधिक समय से लम्बित सभी ए.सी. देयकों का समायोजन समयबद्ध तरीके से किया जाय एवं यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि मात्र बजट व्यपगत होने से बचाने के लिये ए.सी. देयकों से आहरण न हो।

3.13 tekvk ij C;kt dk Hkxrku u fd;k tkuk

राज्य सरकार द्वारा मुख्य शीर्ष 8336 से 8342 के अन्तर्गत जमा पर ब्याज का भुगतान किये जाने की आवश्यकता है। 31 मार्च 2017 को लोक लेखे से सम्बन्धित इन मुख्य शीर्षों में ₹ 3,767.19 करोड़ (मुख्य शीर्ष 8336–सिविल जमाः ₹ 1.49 करोड़, मुख्य शीर्ष 8338–स्थानीय निधियों की जमाः ₹ 459.68 करोड़ एवं मुख्य शीर्ष 8342–अन्य जमाः ₹ 3,306.02 करोड़) अवशेष था। तथापि, इन जमाओं पर ब्याज का

[37] निदेशक, वित्त विभाग की निधि खाता (₹ 0.09 करोड़) स्टाफ कार/गाड़ी क्रय हेतु (₹ 8,19,000) एवं कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर के क्रय हेतु (₹ 95,500), वित्त विभाग (ऋण सेवाओं एवं अन्य व्यय) के अधीन जिला पंचायत राज अधिकारी, पडरौना को क्षेत्र पंचायत (₹ 5.64 करोड़) एवं ग्राम पंचायत (₹ 26.89 करोड़) के नियत कार्य हेतु।

